बालिका शिक्षा फाउण्डेशन राजस्थान, जयपुर

डॉ. एस. राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल परिसर, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर (राज.) 302015

क्रमांकः– प. 90 / बा.शि.फा. / ई.प्रि.पु. / 2022–23 / 947-979 दिनांक : 24.01.2023

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
(मुख्यालय) माध्यमिक

विषयः– **वर्ष 2022–23 में बालिका शिक्षा फाउण्डेशन द्वारा संचालित दो योजनाओं (इन्दिरा प्रियदर्शिनी पुरस्कार, मुख्यमंत्री हमारी बेटियॉं योजना) के ऑनलाईन आवेदन आपके कार्यालय द्वारा भरे जाने के हेतु दिशा–निर्देश।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत निर्देशानुसार लेख है कि वर्ष 2022–23 में बालिका शिक्षा फाउण्डेशन द्वारा संचालित दो योजनाओं (इन्दिरा प्रियदर्शिनी पुरस्कार, मुख्यमंत्री हमारी बेटियॉं योजना) के ऑनलाईन आवेदन शाला दर्पण पोर्टल पर प्रोसेस एवं अप्रूव करने उपरान्त जन–आधार इन्टीग्रेशन एवं डीबीटी प्रकिया के माध्यम से पुरस्कार राशि का भुगतान किया जाएगा। जिसकी प्रकिया निम्नानुसार रहेगी :–

1. **इन्दिरा प्रियदर्शिनी पुरस्कार :–**

राज्य सरकार के पत्र क्रमांक प. 17(13) शिक्षा–1 / 2008 / जयपुर / दिनांक 05.03.2019 के द्वारा यह योजना वर्ष 2019–20 से प्रारम्भ की गई। इस योजना में माध्यमिक एवं प्रारम्भिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत अध्ययनरत (1) अनुसूचित जाति, (2) अनुसूचित जनजाति, (3)अन्य पिछड़ा वर्ग (4) अल्पसंख्यक (5) निःशक्त (6) सामान्य वर्ग (7) विशेष पिछड़ा वर्ग एंव (8) बी.पी.एल, की ऐसी बालिकाओं को जो राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 8, 10 एवं 12 कला, विज्ञान, वाणिज्य (तीनों संकायों में अलग–अलग) की परीक्षाओं में प्रत्येक जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली तथा संस्कृत शिक्षा विभाग की कक्षा 8, प्रवेशिका एवं वरिष्ठ उपाध्याय की बोर्ड परीक्षा में उपरोक्त वर्गों में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली कक्षा 8 की बालिका को राशि 40000 / – रूपये, कक्षा–10 की बालिका को 75000 / – रूपये एवं कक्षा–12 की सभी वर्गों (संकायों) की बालिकाओं को 1,00,000 / – रूपये, के साथ–साथ स्कूटी भी दी जाती है। वर्ष 2021–22 से व्यावसायिक शिक्षा परीक्षा में उपरोक्त श्रेणियों में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली कक्षा–10 की 08 एवं कक्षा–12 की 08 बालिकाओं को तथा स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल की 09 सी.जी.पी.ए. या इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाली उपरोक्त श्रेणियों में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को भी वर्ष 2021–22 से यह पुरस्कार देय है।

निदेशालय माध्यमिक शिक्षा बीकानेर से प्राप्त पात्र बालिकाओं की जिलेवार सूची बालिका शिक्षा फाउण्डेशन के पत्रांक 654 / दिनांक 12.10.2022 द्वारा बालिकाओं से आवेदन पत्र भरवाकर उक्त आवेदन आप कार्यालय में सुरक्षित रखे जाने निर्देश दिये गये थे इस कम में निर्देशानुसार इस योजना की पात्र बालिकाओं के ऑनलाईन आवेदन आप कार्यालय द्वारा OFFICE LOGIN से भरे जाने उपरान्त पुरस्कार राशि जन–आधार इन्टीग्रेशन एवं डी बी टी माध्यम से प्रदान की जानी है।

उपरोक्तानुसार योजना की पात्र बालिकाओं के ऑनलाईन APPLICATION PROSESS की कार्यवाही निम्नानुसार रहेगी :–

(1) शाला दर्पण पोर्टल में DEO OFFICE LOGIN के "BENEFICIARY SCHEME PORTAL" पर योजना का चयन करते हुए बालिकाओं से प्राप्त आवेदनों (निदेशालय माध्यमिक शिक्षा बीकानेर से प्राप्त पात्र बालिकाओं की सूची) के अनुसार प्रत्येक बालिका का विवरण निर्धारित प्रपत्र में भरा जाकर OTP के माध्यम से FINAL SUBMIT किया जाना है। (प्रारूपः संलग्न)

(नोटः– निर्देशानुसार कक्षा 08 में बी पी एल श्रेणी में बालिका का चयन आप कार्यालय स्तर से ही किया जाना है।)